# वार्षिक परीक्षा, 2026
# गृह विज्ञान
# कक्षा—9

समय : 3 घण्टे 15 मिनट पूर्णांक : 70

निर्देश—

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न–पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) यह प्रश्न–पत्र दो खण्डों में विभाजित है। खण्ड 'अ' में बहुविकल्पीय प्रश्न हैं तथा खण्ड 'ब' में अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय एवं दीर्घ उत्तरीय—तीन प्रकार के प्रश्न हैं।

## खण्ड 'अ'
## (बहुविकल्पीय प्रश्न)

$20 \times 1 = 20$

नोट—निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशानुसार OMR आन्सर शीट पर अंकित कीजिए—

1. स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं— 1

(A) पोषक तत्त्व (C) मादक पदार्थ
(B) फल एवं सब्जियाँ (D) इनमें से सभी

2. मूलभूत आवश्यकता है— 1

(A) भोजन (C) इच्छा–पूर्ति
(B) वस्त्र (D) सुन्दर वस्तु

3. कार्य–व्यवस्था का मुख्य भौतिक साधन है— 1

(A) आय या धन

(B) फ्रिज

(C) वैक्यूम क्लीनर

(D) भव्य भवन

4. गृह व्यवस्था के साधन हैं— 1

(A) भौतिक

(B) मानवीय

(C) सार्वजनिक

(D) इनमें से सभी

5. साधनों की विशेषता है— 1

(A) सामुदायिक सुविधा

(B) धनराशि

(C) सीमित होना

(D) शक्ति

6. भोजन द्वारा शरीर की किन आवश्यकताओं की पूर्ति होती है? 1

(A) शारीरिक वृद्धि

(B) ऊर्जा की शक्ति

(C) स्वास्थ्य संरक्षण

(D) इनमें से सभी

7. बाल रक्षा केन्द्र का संचालन करती है— 1

(A) राज्य सरकार

(B) केन्द्र सरकार

(C) केन्द्र सरकार व न्यायपालिका

(D) जिला प्रशासन

8. भारतीय परिवार नियोजन संस्था का गठन कब हुआ था? 1

(A) 1959 में

(B) 1951 में

(C) 1961 में

(D) 1964 में

9. निम्न में से कौन–सा जल संक्रामक रोग है? 1

(A) टी.बी.

(B) काली खाँसी

(C) दमा

(D) टाइफाइड

UPBoardHub

10. टाइफाइड के जीवाणु का नाम है— 1

(A) एनाफिलीज
(C) साल्मोनेला टाइफी
(B) वायरोला वायरस
(D) ट्यूबरकल वैसीलस

11. संश्लेषित तन्तु को कहते हैं— 1

(A) रेशम
(C) ताप सुनम्य तन्तु
(B) मानव-निर्मित तन्तु
(D) पॉलीमाइड

12. गर्मी के मौसम में किस रंग के वस्त्र पहनने चाहिए? 1

(A) काले
(C) गहरे
(B) हल्के
(D) इनमें से सभी

13. छोटी आंत की सामान्य लम्बाई होती है— 1

(A) 6.5 मीटर
(C) 15 मीटर
(B) 10 मीटर
(D) 20 मीटर

14. इनमें से जो आहार सम्पूर्ण आहार की श्रेणी में आता है, वह है— 1

(A) फल
(C) दही
(B) दूध
(D) मांस

15. संतुलित आहार का कौन-सा अवयव नहीं है? 1

(A) वसा
(C) प्रोटीन
(B) खनिज लवण
(D) मौसम एवं जलवायु

16. प्राथमिक चिकित्सक है— 1

(A) साधारण व्यक्ति

(B) डॉक्टर

(C) रोगी

(D) ऐसा व्यक्ति जिसे चिकित्सा का ज्ञान है

17. मूर्च्छित व्यक्ति को आवश्यकता होती है— 1

(A) चाय की

(B) कॉफ़ी की

(C) खुली हवा की

(D) निद्रा की

18. तुलसी लाभकारी होती है— 1

(A) मलेरिया में

(B) पेचिश में

(C) जुकाम एवं पेट की बीमारियों में

(D) नाड़ी सम्बन्धी विकारों में

19. हैजे की उत्तम दवा है— 1

(A) बरनॉल

(B) कत्था

(C) अमृतधारा

(D) ईसबगोल

20. परिचारिका की अच्छी होनी चाहिए— 1

(A) स्मरण शक्ति

(B) चिकित्सा

(C) वाक् शक्ति

(D) इनमें से कोई नहीं

## खण्ड 'ब'
## (वर्णनात्मक प्रश्न)

निर्देश—प्रश्न संख्या 21 से 26 तक अति लघु उत्तरीय हैं, जिनका उत्तर अधिकतम 25 शब्दों के अन्तर्गत दीजिए—

21. चिपको आन्दोलन क्या है? 2

UPBoardHub

22. चावल में सबसे अधिक कौन–सा पोषक तत्व पाया जाता है? 2

23. कैलोरी का अर्थ लिखिए। 2

24. कृत्रिम श्वसन कब दी जाती है? 2

25. बिजली का झटका लगने पर तुरन्त उपचार बताइए। 2

26. सौंफ का उपयोग किन रोगों में किया जाता है? 2

# लघु उत्तरीय प्रश्न

निर्देश—प्रश्न संख्या 27 से 31 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका उत्तर अधिकतम 50 शब्दों के अन्तर्गत दीजिए—

27. स्वास्थ्य को परिभाषित कीजिए। 4

अथवा

संवातन के प्राकृतिक उपायों पर नोट लिखिए।

28. "मनुष्य ने अपने ही अस्तित्व को खतरे में डाल दिया है।" टिप्पणी लिखिए। 4

अथवा

चेचक के जीवाणु का नाम क्या है? बताइए।

29. प्राकृतिक तन्तु कौन–कौन से हैं? 4

अथवा

भोजन हमारे शरीर में क्या–क्या कार्य करता है?

30. खाद्यान्न का क्या महत्व है? 4

अथवा

UPBoardHub

हरी पत्तेदार सब्जियों में कौन–से पोषक तत्त्व मिलते हैं?

31. 'लू' लग जाने पर क्या घरेलू उपचार किए जा सकते हैं? 4

अथवा

गृह परिचारिका के गुण बताइए।

# विस्तृत उत्तरीय प्रश्न

निर्देश—प्रश्न संख्या 32 से 34 तक विस्तृत उत्तरीय हैं, जिनका उत्तर अधिकतम 100 शब्दों में दीजिए—

32. अर्थ–व्यवस्था का परिवार की आवश्यकताओं से क्या सम्बन्ध है? आदर्श अर्थ–व्यवस्थाओं की विशेषताएँ लिखिए। 6

अथवा

स्वास्थ्य क्या है? स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले कारकों को लिखिए।

33. वायु अशुद्ध किस प्रकार होती है? अशुद्ध वायु स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव डालती है? 6

अथवा

पर्यावरण प्रदूषण से क्या अभिप्राय है? यह जन–जीवन को किस प्रकार प्रभावित करता है?

34. शरीर के लिए प्रोटीन व विटामिन की क्या उपयोगिता है? इसकी प्राप्ति के स्रोत व हानिकारक प्रभावों का वर्णन कीजिए। 6

आप UPBoardHub पर अपने Recent पेपर को भेज कर 10₹–20₹ प्रति पेपर Rewad Pa Skte h

UPBoardHub